जालंधर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**
कभी किसी की खुशी के लिए कुछ कर के देखना अच्छा लगेगा

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

## न्यूज ब्रीफ

### PM मोदी 12 अप्रैल को करेंगे जम्मू-कश्मीर का दौरा, उधमपुर में चुनावी रैली को करेंगे संबोधित



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के उधमपुर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रमुख रविंद्र रैना ने रविवार को यह जानकारी दी। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को उधमपुर में मतदान होना है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लगातार तीसरी बार इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। आम चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं। रैना ने सिंह के समर्थन में प्रधानमंत्री की रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बीच, भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार सचिन गुप्ता ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में उधमपुर लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। उन्होंने रैना की उपस्थिति में यह घोषणा की।

### SAD (A) के उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी, पार्टी ने इस गैंगस्टर के पिता पर खेला दांव



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** शिरोमणि अकाली दल ( अ ) के प्रधान व सांसद सिमरनजीत सिंह मान द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की।

**इन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा :** लोकसभा हलका अमृतसर साहिब से ईमान सिंह मान, खडूर साहिब से हरपाल सिंह बलेर व फिरोजपुर से गैंगस्टर जयपाल भुल्लर के पिता भूपिंदर सिंह भुल्लर को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है।

**SAD ( अ ) किन मुद्दों पर लड़ रही चुनाव?**

सांसद मान ने कहा कि पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग के हकों की रक्षा, आम लोगों के लिए बराबर की सेहत व शैक्षणिक सुविधाओं के मुद्दों पर लड़ी जाएगी।

# Arvind Kejriwal की गिरफ्तारी ने भगवंत मान को बना दिया 'स्टार'!

## जानिए कैसे बदली AAP राजनीति?

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अब आम आदमी पार्टी ( आप ) के स्टार प्रचारक की भूमिका में नजर आएंगे। आज से वे पड़ोसी राज्य हरियाणा समेत अलग-अलग राज्यों में जाएंगे और आप उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियां और रोड शो करेंगे। इसको लेकर पार्टी आलाकमान ने तैयारी कर ली है। इसके अलावा कुछ अन्य नेता भी उनके साथ रहेंगे।

इनमें पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह और राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. दुर्गेश पाठक भी शामिल हैं। ये दौरा पूरे एक महीने तक चलेगा। इसके साथ ही वे पंजाब के विधायकों और मंत्रियों के साथ छोटी-छोटी बैठकें कर चुनावी रणनीति भी बना रहे हैं।

### क्या है चुनावी कार्यक्रम?

सीएम भगवंत मान अब हरियाणा से गुजरात जाएंगे। मान इंडिया ब्लॉक प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। 8 अप्रैल को सीएम का कुरूक्षेत्र में कार्यक्रम है। यहां वे पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे। 12 और 13 अप्रैल को दिल्ली में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 16 और 17 अप्रैल को गुजरात में होगा। गुजरात में पार्टी उम्मीदवारों के नामांकन में शामिल होंगे। इसके अलावा उनका असम जाने का भी कार्यक्रम है।



### सरकारी हेलीकॉप्टर का नहीं करेंगे इस्तेमाल

यह बात भी सामने आई है कि सीएम भगवंत मान चुनाव प्रचार के कार या हवाई जहाज़ से दूसरे राज्य में जाते समय अपने सरकारी हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं करेंगे। पार्टी ने इसकी तैयारी कर ली है। हालांकि सीएम भगवंत मान सभी राज्यों का एक बार दौरा कर चुके हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के जेल जाने के बाद अब वह स्टार प्रचारक हैं।

# विक्रमजीत सिंह चौधरी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा, जालंधर से हो सकते हैं आप के कैंडिडेट

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** विक्रमजीत सिंह चौधरी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा, जालंधर से हो सकते हैं आप के कैंडिडेट। विक्रमजीत सिंह चौधरी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा, जालंधर से हो सकते हैं आप के कैंडिडेट विक्रमजीत सिंह चौधरी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा, जालंधर से हो सकते हैं आप के कैंडिडेट।




# अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर को पंजाब पुलिस ने किया गिरफ्तार

## न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** पंजाब में 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख और खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह को असम की जेल से पंजाब की जेल में स्थानांतरित करने की मांग को लेकर प्रस्तावित मार्च से एक दिन पहले रविवार को उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया गया। अमृतपाल सिंह को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून ( रासुका ) लगाया गया था।





अमृतपाल सिंह और उसके नौ साथी इस समय असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। पुलिस उपायुक्त आलम विजय सिंह ने रविवार को बताया कि अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। डीसीपी ने कहा कि उन्हें एहतियातन हिरासत में लिया गया है. अधिकारी ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।






आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# पंजाब में एक्शन मोड में एजेंसियां, करोड़ों रुपयों की शराब जब्त; चुनाव को लेकर बढ़ाई गई सख्ती

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 1686.78 करोड़ रुपये की ड्रग्स पकड़ी गई है। जानकारी के मुताबिक 16 मार्च से 8 अप्रैल तक अलग अलग जिलों में विभिन्न एजेंसियों की ओर से चलाए गए अभियान के दौरान यह सफलता मिली।

सभी राजनीतिक पार्टियां इस समय एक्शन मोड में हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो रही हैं।

एजेंसियों ने बढ़ाई अपनी निगरानी वहीं चुनाव के दौरान पैसे व नशे के इस्तेमाल को रोकने के लिए ही एजेंसियों ने अपने निगरानी बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में अभियान को ओर तेज किया जाएगा।

राज्य में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से चलाए गए अभियान के दौरान अलग-अलग जिलों में 387.54 करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है। अलग-अलग एजेंसियों की ओर से पकड़े गए



कैश के मामलों की आगे की जांच आयकर विभाग की ओर से शुरू कर दी गई है।

**इतनी शराब जब्त :** एजेंसियों की ओर से 922.96 करोड़ मूल्य की 1, 467,001.67 (लीटर) की शराब पकड़ी गई है। वहीं बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने इस अवधि के दौरान 6236.2 ग्राम ड्रग्स पकड़ी है, जिसकी कीमत 1510 करोड़ है। इसी तरह नारोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 1764 ग्राम ड्रग्स पकड़ी जोकि 164.99 करोड़ कीमत की है।

स्टेट पुलिस डिपार्टमेंट ने 2367738.76 ग्राम ड्रग्स पकड़ी, जिसकी कीमत 10352.28 करोड़ रुपये है।

## ऑनलाइन मॉनिटर की जा रही प्रक्रिया

इसी तरह पुलिस डिपार्टमेंट ने 94.89 करोड़ रुपये की 467680.17 लीटर शराब पकड़ी है। स्टेट एक्साइज डिपार्टमेंट ने 516.98 करोड़ रुपये की कीमत की 97,4500.25 लीटर शराब पकड़ी है। आयकर विभाग ने 114.90 करोड़ व स्टेट पुलिस ने 94.89 लाख का कैश जब्त किया है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से चुनाव जब्त प्रबंधन प्रणाली की पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन मॉनिटर किया जा रहा है। चुनाव से इसे ऑनलाइन कर दिया गया है, जिससे अब अलग-अलग एजेंसियों की तरफ से जब्त सामान की पुनरावृत्ति एंट्री की समस्या खत्म हो गई है। चुनाव के दौरान बीएसएफ, आईटीबीपी, एनसीबी, पुलिस, एक्साइज विभाग व उड़नदस्ते की तरफ से चुनाव के दौरान कई तरह की सामग्री जब्त की जाती है। इसमें नकदी, ड्रग, शराब समेत अन्य सामान शामिल है।

# जालंधर के पूर्व पार्षद सहित 5 के खिलाफ केस दर्ज




**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** जालंधर के पूर्व पार्षद सहित 5 के खिलाफ पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार तुलसी सैनिटेशन के मालिक व रामामंडी के पूर्व पार्षद विजय दकोहा और उनके बेटे सहित 5 के खिलाफ पुलिस ने धमकी देने व मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा अभी गिरफ्तारी नहीं की गई है। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए रामामंडी थाना के प्रभारी ने बताया कि भीमसेन पुत्र रामलाल निवासी अमनपुर तहसील अबोहर जिला फाजिल्का ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उसने बताया था कि वह टाइल्स लगाने का काम करता है और काफी समय से तुलसी सैनिटेशन से वह सामान खरीदते हैं।

उसने बताया कि उसके ठेकेदार ने 300 टाइल्स डब्बे का सौदा विजय दकोहा के साथ किया था। इस दौरान उन्हें सिर्फ 150 डब्बे भेजे गए और उसमें से भी ज्यादातर टाइल्स टूटी हुई थी। इसके बाद जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी विजेता दकोहा को दी तो उन्होंने कहा कि वह टाईल्स बदल देंगे पर जब वह टाइल्स बदलवाने के लिए वापिस गया तो उसके साथ पूर्व पार्षद और उसके बेटे ने गाली-गलौज की और अपने साथियों के साथ मिल उन्होंने मारपीट भी की। उसके साथ ही मौके पर आई लेबर पर भी उन्होंने हमला किया। इसके बाद ठेकेदार ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 500 बच्चों से करोड़ों रुपये लेकर फरार हुई इमीग्रेशन कंपनी, कंपनी मालिक और साथियों पर तीसरी FIR

**जालंधर( हिमांशु ) :** खन्ना की जीटीबी मार्केट में बनी कास्ट-वे इमिग्रेशन कंपनी पंजाब के विभिन्न जिलों के 500 से ज्यादा स्टूडेंट्स से करोड़ों रुपये की ठगी कर फरार हो गई। पुलिस ने कंपनी मालिक और उसके साथियों के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज की है।

इससे पहले कंपनी से पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने शुक्रवार को एसएसपी खन्ना के दफ्तर के बाहर रोष प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। गिरफ्तारी न करने पर रोड जाम की चेतावनी भी दी।

इसके बाद पुलिस हरकत में आई। 6 अप्रैल को सिटी थाना 2 में रीना निवासी नजदीक सीएमसी अस्पताल लुधियाना की शिकायत पर कंपनी के मालिक गुरप्रीत सिंह बैनीपाल निवासी मकान नंबर 7 फ्रेंड्स कालोनी नजदीक 22 नंबर फाटक पटियाला, जसविंदर कौर उर्फ रमन बाजवा उर्फ रमनदीप कौर निवासी सामने पोलो ग्राउंड कालोनी पटियाला और तेजा सिंह निवासी कूहली कलां के खिलाफ केस दर्ज किया।

गुरप्रीत सिंह बैनीपाल और तेजा सिंह का नाम पहले भी दर्ज दोनों एफआईआर में है। शिकायतकर्ता रीना के अनुसार उसके साथ 4 लाख 52 हजार की ठगी मारी गई।

## जेल से लाया आरोपी उगल रहा कंपनी के राज


वहीं सबसे पहले दर्ज की एफआईआर में पुलिस की तरफ से अमृतपाल सिंह निवासी पटियाला को प्रोडक्शन वारंट पर लाने के बाद उसका तीन दिनों का रिमांड हासिल किया गया।

अमृतपाल सिंह कास्ट वे कंपनी और इसके मालिक के गहरे राज उगल रहा है। सूत्रों के अनुसार अमृतपाल ने पुलिस के सामने खुलासा किया कि गुरप्रीत सिंह बैनीपाल और उसके साथी पहले पंजाब में दो कंपनियां बनाकर करोड़ों रुपये ठग चुके हैं। पंजाब के विभिन्न थानों में इनके खिलाफ अनेक दरख्वास्त पेंडिंग हैं। अमृतपाल की निशानदेही पर खन्ना पुलिस ने कई जगह रेड भी की।

## आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेंगे

डीएसपी हरजिंदर सिंह गिल ने बताया कि कई दिनों पहले ही सिटी थाना 2 में कास्ट वे कंपनी के मालिक तेजा सिंह निवासी कूहली कलां और सुखप्रीत कौर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी, इमीग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत केस दर्ज किया गया था। इस केस में अमृतपाल सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर रिमांड लिया गया।

वह दहेज प्रताड़ना केस में पटियाला जेल में बंद था। ठगी के इस मामले में शुक्रवार को सिटी थाना 2 में पुलिस ने सुषमा देवी निवासी पाहलेवाल (होशियारपुर) की शिकायत पर गुरप्रीत सिंह बैनीपाल मालिक कास्ट वे इमीग्रेशन सर्विसेज जीटीबी मार्केट खन्ना, रोमन डीलिंग क्लर्क, पंकज, अमृता कौर, नवनीत कौर, हरिंदर सिंह निवासी नाभा, जसपिंदर सिंह, तेजा सिंह निवासी कूहली कलां के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी, इमीग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत केस दर्ज किया था। शनिवार को रीना की शिकायत पर एक और केस दर्ज किया गया।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247








# हर वक्त AC-COOLER की आदत से बढ़ता है मोटापा

## सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदेह

**गर्मी तेज हो या कम, कुछ लोगों को हर वक्त एसी में रहने की आदत होती है। घर, ऑफिस और कार, हर जगह एसी की जरूरत महसूस होती है। ऐसे लोगों के लिए बगैर एसी के थोड़ी देर भी रहना मुश्किल हो जाता है। लेकिन यह आदत सेहत पर कई तरह के नकारात्मक असर डालती है। हालांकि गर्मियों में पूरी तरह से एसी और कूलर के इस्तेमाल से बचा नहीं जा सकता, लेकिन इसका कम से कम इस्तेमाल ही बेहतर है। एसी और कूलर का ज्यादा इस्तेमाल किस तरह से सेहत को नुकसान पहुंचाता है जानें...**



### बार-बार बीमार पड़ने की वजह

एक रिसर्च के अनुसार, आपको आराम पहुंचाने वाला एसी, स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। एसी, हमारे आस-पास एक आर्टिफिशल टेंपरेचर बनाता है, जो इम्यून सिस्टम के लिए खतरनाक है। तो अगर आप बार-बार बीमार पड़ते हैं, तो उसका एक यह भी कारण हो सकता है।

वे लोग जो एसी में 4 घंटे से ज्यादा देर तक बैठते हैं, उन्हें साइनस होने का खतरा रहता है। क्योंकि ठंडी हवा यूकस ग्रंथि को कठोर बना देती है।

### फंगल इंफेक्शन से नुकसान का खतरा



कूलर-एसी की ज्यादा ठंडक में बिना ओढ़े सोने से न सिर्फ दमा के मरीजों को बल्कि सामान्य व्यक्तियों की छाती में भी ठंडक या फंगल इंफेक्शन से नुकसान पहुंचता है। प्राकृतिक वातावरण में रहने और उसे सहन करने की आदत डालनी होगी। बाहर और कमरे के भीतर के तापमान की बात करें तो इनमें आदर्श रूप से 4 डिग्री से ज्यादा का अंतर नहीं होना चाहिए। यदि यह अंतर बहुत ज्यादा है तो सीधे तौर पर बदलते तापमान में आवाजाही नहीं करनी चाहिए।



### जोड़ों में दर्द की समस्या

एसी और कूलर से निकलने वाली हवा कई बार शरीर के जोड़ों में दर्द पैदा करती है। गर्दन, हाथ और घुटनों का दर्द ठंडी हवा लगने की वजह से बढ़ जाता है, जो कि अगर लंबे समय तक बना रहे, तो बड़ी बीमारी का कारण भी बन सकता है।



### ड्राई स्किन की प्रॉब्लम

ज्यादा समय तक एसी और कूलर में बैठे रहने से स्किन ड्राइ हो जाती है। इसलिए 1-2 घंटे के बीच में मॉइश्चराजर लगाते रहें, ताकि स्किन में नमी की कमी न हो।

### इन बातों का रखें ध्यान

- कमरे का तापमान यदि कम करें तो भी 20 डिग्री से कम नहीं किया जाना चाहिए।
- कूलर और एसी के इस्तेमाल करने से पहले उसमें फिल्टर जरूर लगवाएं।
- एसी-कूलर के प्रयोग करने से पहले उसे साफ करें और कूलर की खस हर मौसम में बदलें।
- यदि ज्यादा महीनों तक कूलर चलाना हो तो 2 महीने बाद खस बदल लेना चाहिए।
- कूलर, पंखा, एसी का उपयोग करते वक्त ध्यान रखें कि हवा सीधे आपको न लग रही हो।

### मोटापा बढ़ता है

ज्यादा देर तक एसी या कूलर में बैठने से मोटापा बढ़ता है।

दरअसल, ठंडी जगह पर हमारे शरीर की ऊर्जा ज्यादा खर्च नहीं होती है जिससे चर्बी चढ़ने लगती है।

### मांसपेशियों में खिंचाव

लगातार एसी वाली जगह पर बैठे रहने से मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है, जो सिरदर्द का भी कारण बन जाता है।



# रोजाना पीते हैं कॉफी तो पहले जान लीजिए ये नुकसान

**कॉफी** में मौजूद कैफीन को अधिक मात्रा में लेने से नर्वसनेस, नींद ना आना, उत्तेजित होना, हार्टबीट बढ़ना, ज्यादा यूरीन आना जैसी परेशानी हो सकती हैं। यही नहीं अगर 10 ग्राम से ज्यादा कैफीन ली जाए तो सांस लेने में दिक्कत आ सकती और मौत भी हो सकती है।

अकसर लोग सुबह की शुरुआत कॉफी के साथ करना पसंद करते हैं। कॉफी पीने वालों को इसके कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसमें पाया जाने वाला कैफीन हमारे शरीर को ऊर्जावान बनाता है। यह एक प्रकार की घातक बीमारियों में भी बचाव होता है। यह त्वचा, शरीर और दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है।

कॉफी बहुत फायदेमंद होती है, नियमित रूप से कॉफी पीने वालों को इसके कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। यह त्वचा, शरीर और दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है। लेकिन अधिक मात्रा में कॉफी का सेवन करने से शरीर को कई नुकसान भी होते हैं। अगर अधिक



मात्रा में कॉफी का सेवन किया जाए तो आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं कॉफी की लत से स्वास्थ्य को क्या नुकसान हो सकते हैं। कई लोगों का मानना है कि कॉफी अधिक पीने से अलग-अलग लोगों के शरीर पर इसका अलग-अलग असर पड़ता है। कहते हैं अगर कैफीन की 1000 mg से अधिक मात्रा ली जाए तो उस इंसान को इसकी लत पड़ जाती है।

कैफीन को अधिक मात्रा में लेने से नर्वसनेस, नींद ना आना, उत्तेजित होना, हार्टबीट बढ़ना, ज्यादा यूरीन आना जैसी परेशानी हो सकती हैं। यही नहीं अगर 10 ग्राम से ज्यादा कैफीन ली जाए तो सांस लेने में दिक्कत आ सकती और मौत भी हो सकती है।

अधिक कॉफी पीने से लोगों को सिरदर्द, नकसीर, उल्टी आना जैसी परेशानियों से हमेशा शिकायत रहती है।




# लोकसभा चुनावों में इंकलाब जालंधर संगठन करेगा कमाल

## जालंधर में आप प्रत्याशी को जिताने के लिए इंकलाब जालंधर संगठन लगाएगा पूरी ताकत : मेजर सिंह, राज कुमार राजू, सुभाष गोरिया, प्रवेश तांगड़ी, नील कंठ जज



**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** लोकसभा हल्का जालंधर से आम आदमी पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ चुके सुशील कुमार रिंकू को फिर पार्टी ने आप का प्रत्याशी घोषणा किया था।घोषणा के बाद रिंकू ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफ़ा देकर भाजपा में शामिल हो गए उनके साथ जालंधर वेस्ट के आप के विधायक शीतल अंगुराल भी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुए उनके साथ जो अलग अलग पार्टियों से आए लोग बीच ही लटक गए जिन्हें मनाने के लिए सुशील कुमार रिंकू के करीबी और विधायक शीतल अंगुराल के करीबी भाजपा में शामिल करने के लिए पूरा ज़ोर लगा रहे है।

उसे बाबजूद भी उनकी दाल नही गल पाई तो इस बार उन्ह नेताओ ने एक संगठन इंकलाब जिंदाबाद जालंधर का गठन कर आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो की सोच पर जिस उम्मीदवार को जालंधर लोकसभा की टिकट मिलेगी उसको पूरी ताकत के साथ इंकलाब जिंदाबाद संगठन पहले से भी ज्यादा

### आप मे सत्कार ना मिलने पर भी नेताओ ने पार्टी के हक में प्रचार करने का लिया संकल्प

वोटे दिलवाकर लोकसभा में भेजेगा यह निर्णय बीती रात एक संयुक्त बैठक के दौरान लिया गया।जिसमें कांग्रेस पार्टी छोड़ एक वर्ष पहले आप में शामिल हुए राज कुमार राजू जो एक बार जालंधर वेस्ट से विधायक का चुनाव भी लड़ चुके है।

अकाली दल से पूर्व डिप्टी मेयर प्रवेश टांगरी,पार्षद पति व खादी बोर्ड के डायरेक्टर रह चुके मेजर सिंह भंडारी,शिव सेना बाला साहिब ठाकरे से दो बार एम पी और दो बार विधायक की टिकट से चुनाव लड़ चुके समाज सेवी सुभाष गोरिया,कांग्रेस के नेता नील कंठ जज,नासिर हुसैन सलमानी जो कांग्रेस के नेता और मनोरटी कमीशन के मेंबर, कांग्रेस के नेता अजय कुमार बबल,अमित ठाकुर जिला प्रमुख शिव सेना राष्ट्रहित,अवतार सिंह विर्दी जो कांग्रेस के एस सी विंग के जिला उपाध्यक्ष,पी एस पम्मा भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष,दर्शन लाल चालवा,गौरव अरोड़ा कांग्रेस के सीनियर नेता यह सभी अपनी अपनी पार्टी छोड़ आप मे शामिल हुए एक वर्ष से इन्ह नेताओ की कोई पार्टी में सुनवाई नही हुई उसके बाबजूद भी इन्होंने आम आदमी पार्टी के सिपाही बनकर लोकसभा चुनाव में आप के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीताकर लोक सभा मे भेजेंगे और आप के स्प्रिमो अरविंद केजरीवाल और पंजाब अध्यक्ष मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के हाथ मजबूत करेंगे और सभी ने संकल्प लिया कि हम आप के वलन्टिर बनकर काम करेंगे आप मे साथ ही चलेंगे अंत मे राज कुमार राजू,मेजर सिंह भंडारी ने कहा कि इंकलाबी मर सकते है इंकलाब नही उन्होंने कहा कि जालंधर से हम इंकलाब जिंदाबाद संगठन को मजबूती से आगे ले जाएंगे और आप के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जिताएंगे।




# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का बड़ा आरोप, कहा- चुनाव जीतने के लिए राहुल ले रहे आतंकी संगठनों की मदद

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** रायबरेली पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आतंकी संगठन का सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चुनाव जीतने के लिए आतंकी संगठनों का सहारा ले रहे हैं, जो हिंदुओं के कत्ल की सूची बना रहे हैं। स्मृति ईरानी ने आगे कहा, कांग्रेस के नेताओं ने आगे आकर खुद ही इस बात को जाहिर किया है कि पार्टी में अंदरुनी कलह है। कांग्रेस में एक खेमा ऐसा है जो चाहता है कि राहुल गांधी को नेतृत्व से मुक्त किया जाए और एक महिला को कांग्रेस की कमान सौंपी जाए। मैं उस खेमे को आश्वस्त करना चाहती हूं कि आप राहुल को एक बार फिर से अमेठी में हारते हुए देखेंगे। स्मृति ने आगे कहा, अमेठी राहुल के खिलाफ अपने सम्मान की लड़ाई लड़ेगा। अमेठी अपने संरक्षण की लड़ाई लड़ेगा राहुल के खिलाफ। उन्होंने आगे राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने अमेठी को त्याग दिया और त्यागने के बाद भी उसे अपमानित किया, जिस अमेठी में नरेंद्र मोदी ने विकास किया, अमेठी उस नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देगा और जिसने अमेठी को त्याग दिया, वो अमेठी में कभी फल फूल नहीं पाएगा।

इसके साथ ही स्मृति ने कांग्रेस में जारी अंतर्कलह को उजागर कर कहा कि वर्तमान में पार्टी में कांग्रेस बनाम कांग्रेस जैसी स्थिति पैदा हो चुकी है। कांग्रेस में एक खेमा अब लामबंद हो चुका है कि राहुल गांधी को जल्द से जल्द नेतृत्व से विमुक्त किया जाए। बता दें, 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को स्मृति ईरानी के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, वो वायनाड से चुनाव जीतने में सफल रहे थे। वहीं, 2024 के चुनाव में भी जहां अमेठी से बीजेपी ने स्मृति ईरानी को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं दूसरी तरफ राहुल ने वायनाड में अपना पर्चा भर दिया है, लेकिन अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि इस बार कांग्रेस की तरफ से अमेठी के चुनावी मैदान में किसे उतारा जाएगा?







# वर्ष 2024 में कैसा होगा ग्रहों का मंत्रिमंडल? मंगल होंगे राजा तो शनि होंगे गृहमंत्री, जानें दुनिया पर क्या होगा असर

**जालंधर( जतिन चौहान ):** जिस प्रकार देश को संचालित करने के लिए सरकार की आवश्यकता होती है, जो मंत्रिमंडल बनाकर देश को संचालित करती है। ठीक उसी प्रकार शास्त्रों में ग्रहों के मंत्रिमंडल की भी व्यवस्था है। ग्रहों का यह मंत्रिमंडल समूचे विश्व को संचालित करता है।




यह मंत्रिमंडल नवसंवत्सर के साथ ही प्रतिवर्ष बदलता रहता है। 09 अप्रैल 2024, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) से 'कालयुक्त' नामक नवीन संवत्सर प्रारंभ हो रहा है। आइए जानते है 'कालयुक्त' संवत्सर 2081 में ग्रहों का मंत्रिमंडल कैसा होगा।

संवत्सर 2081 के प्रारंभ होते ही निम्न मंत्रिमंडल अपना कार्यभार लेकर विश्व का संचालन प्रारंभ करेगा जो निम्न प्रकार से होगा

**1.राजा-मंगल :( प्रधानमंत्री )**- नवीन संवत्सर 2081 में राजा (प्रधानमंत्री) मंगल होंगे। जो मंत्रिमंडल के प्रमुख होंगे। मंगल के राजा होने से विश्व में युद्ध का भय होगा। जनता में सरकारों के प्रति विद्रोह होगा। महामारी एवं बीमारी में वृद्धि होगी। धन-धान्य की कीमतों में बढ़ोत्तरी होगी।

**2.मंत्री-शनि : ( गृह मंत्री )**- देश की सरकार में जिस प्रकार गृहमंत्री को सरकार में द्वितीय स्थान दिया जाता है, उसी प्रकार ग्रहों के मंत्रिमंडल में यह भूमिका मंत्री की होती है। नवीन संवत्सर 2081 में शनि मंत्री होंगे।शनि के मंत्री होने से विश्व में अराजकता में वृद्धि होगी।राजपक्ष तानाशाहीपूर्ण व्यवहार करता है। जनता को कष्ट होता है। जनता पर करों का भार बढ़ता है।अर्थव्यवस्था में ऊथल-पुथल होती है। देश में कर्ज का बोझ बढ़ता है।

**3. धनेश-मंगल : ( वित्त मंत्री )**- देश के संचालन हेतु वित्त की व्यवस्था करना वित्त मंत्री की ज़िम्मेवारी होती है, ग्रहों के मंत्रिमंडल में यह कार्य धनेश करते हैं। नवीन संवत्सर 2081 में धनेश का यह पद भी मंगल के पास है। नए वर्ष में मंगल धनेश होंगे। मंगल के धनेश होने से मंहगाई बढ़ेगी।जनता को कष्ट होगा। करों में बढ़ोत्तरी होगी। अनाज मंहगा होगा। भूमि की कीमतें बढ़ेंगी।

**4.दुर्गेश-शनि :( रक्षा मंत्री )**- जिस प्रकार देश की सरकार में कभी-कभी एक मंत्री दो मंत्रालय संभालता है, उसी प्रकार ग्रहों के मंत्रिमंडल में भी ऐसा होता है।

नवीन वर्ष में दुर्गेश शनि होंगे जो इसके गृहमंत्री भी हैं। शनि के दुर्गेश होने से विश्व में अराजकता फैलेगी। भय व पीड़ा का वातावरण बनेगा। व्यापार की हानि होगी। देशों में परस्पर वैमनस्य और शत्रुता की भावना बलवती होगी। देश में सामाजिक सौहार्द्र में कमी आएगी।

**रसेश-गुरु : ( कृषि /खाद्य )**- नवीन वर्ष में रसेश गुरु होंगे। गुरु के रसेश होने से खाद्य पदार्थों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। वर्षा पर्याप्त मात्रा में होगी। कपड़े एवं वाहनों के दाम बढ़ेंगे। दूध, दही, फ़लों के रसों के दाम बढ़ेंगे।